तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	जितेन्द्र कुमार अबोटी **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353750766120806	

06/03/26

अपीलार्थी जितेन्द्र कुमार अबोटी निवासी 120 बी–सी ईस्ट पटेल नगर सर्किट हाउस रोड़ रातानाड़ा, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 09.09.2025 भूमि रूपान्तरण, नियमितिकरण एवं पट्टे संबंधी कार्यवाही हेतु रामचरण अग्रवाल द्वारा राजकीय कोष में राशि जमा कराई गई लेकिन प्रकरण में कार्यवाही न होने से श्री रामचरण अग्रवाल द्वारा उक्त प्रयोजनार्थ राज्यकोष में जमा कराई गई राशि पुनः लौटाने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों के संबंध में संधारित पत्रावली के दस्तावेजों से संबंधित विभिन्न बिन्दूओं के संबंध में सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 1287 दिनांक 09.12.2025 व दिनांक 04.03.2026 अनुसार आवेदन कर्ता को पूर्ण सूचना देने हेतु कार्यवाही की जा रही है। प्रार्थी द्वारा वांछित सूचना पुरानी होने के कारण कार्यालय स्तर पर उक्त पत्रावली की तलाश की जा रही है। संबंधित पत्रावली उपलब्ध होते ही आवेदक को पूर्ण सूचना प्रेषित कर दी जायेगी।

अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) एवं संबंधित प्रभारी अधिकारी रेकर्ड शाखा कार्यालय हाजा को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना पत्रावली मिलते ही अविलंब उपलब्ध करवाई जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

RajKaj Ref No.: 20911253
eSign 1.0

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.[illegible]8:47:57 IST
Reason: Approved